फर्द अहकाम

कार्यालय सहायक कलक्टर(SDO) मावली, उदयपुर

प्रार्थी : ममता कुंवर **विपक्षी : राजस्थान राज्य**

किस्म मुकदमा – 136 भू.राजस्व अधिनियम **पत्रावली संख्या : 05/21**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 21.01.2021 पत्रावली प्रार्थीया के प्रार्थना पर तहसीलदार मावली से बाद जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर दर्ज रजिस्टर होकर पेश हुई। प्रार्थीया व राजपेरोकार को सुना गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। दस्तावेजात का अध्ययन किया। प्रार्थीया का नाम राजस्व रेकार्ड में मीना कुंवर पिता कुशाल सिंह अंकित हैं जबकि वास्तविकता में प्रार्थीया का नाम ममता कुंवर पिता कुशाल सिंह होना बताकर राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किया जाने का निवेदन किया। राजपैरोकार मावली द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर नाम गलत अंकित होने के तथ्यो को स्वीकार कर पुनः मीना कुंवर के बजाय ममता कुंवर दर्ज किया जाने की अनुशंषा की है। प्रकरण के अवलोकन से प्रकरण में मीना कुवर व ममता कुंवर एक ही नाम की महिला होना बताकर नाम संशोधन में कोई आपत्ति जाहिर नहीं की हैं। प्राथीया द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के साथ ग्राम पंचायत साकरियाखेडी का प्रमाणित सजरा, प्रमाण पत्र, सहखातेदार का सहमति पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र व बैंक पासबुक की प्रति प्रस्तुत की है। सभी दस्तावेज में प्रार्थीया का नाम ममता कुंवर अंकित है ग्रम पंचायत व तहसीलदार द्वारा भी मीना कुंवर व ममता कुंवर को एक ही महिला होना बताया है। अतः राजस्व रेकार्ड में नाम गलत अंकित होने से सही किया जाना उचित प्रतीत होता हैं। अतः प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य पाया जाता हैं। **–: आदेश :–** परिणामस्वरूप प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू. राजस्व अधिनियम का स्वीकार किया जाता है कि मौजा साकरियाखेडी पटवार हल्का साकरियाखेडी की आराजी नम्बर 596, किता 1 रकबा 5 बिस्वा आ.चा., आ.न. 595. 597, 598, 610, 631, 707, 1137, 1138, 1139, 1141, 1142, 1143 किता 12 रकबा 28 बिघा 3 बिस्वा भूमि में खातेदार **मीना कुंवर पिता कुशाल सिंह के बजाय मीना कुंवर उर्फ ममता कुंवर पिता कुशाल संशोधन किया जावे।** पालना हेतु तहसीलदार मावली को लिखा जावें। पत्रावली फैसल सुमार होकर नम्बर से कम हो । निर्णय खुले न्यायालय लिखवाया जाकर सुनाया गया। Signature Not Verified Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia Date: 2021.01.25 11:53:53 IST Reason: SelfAttested (आर. सीरवी पुनाडिया) सहायक कलक्टर (SDO)मावली	